https://www.facebook.com/palpalrajasthannews/ instagram.com/palpalrajasthannews https://www.youtube.com/@PalpalRajasthan/ palpalrajasthan8@gmail.com

प्रदेश का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक

# पल पल राजस्थान

वर्ष : 4 | अंक : 271 | RAJHIN/2021/81855 | उदयपुर, मंगलवार, 30 दिसम्बर 2025 | कुल पृष्ठ : 4 | मूल्य : 5 रु. | हर पल की खबर

ANANTA INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCES & RESEARCH CENTRE
एक विश्वास बेहतर जिन्दगी का
ANANTA HOSPITAL

# सेंगर और सरकार को सुप्रीम कोर्ट का झटका

## सेंगर की जमानत पर रोक लगाई

### सीबीआई ने विशेष अनुमति याचिका दायर की थी

**नई दिल्ली,** 29 दिसम्बर (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को दिल्ली हाई कोर्ट के उस आदेश पर रोक लगा दी, जिसमें उन्नाव दुष्कर्म मामले में उत्तर प्रदेश के पूर्व विधायक

**उन्नाव दुष्कर्म कांड**

कुलदीप सिंह सेंगर की सजा पर रोक लगा दी थी और उन्हें जमानत दे दी थी। यह आदेश दिल्ली उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) पर सुनवाई करते हुए जारी किया गया था। मामले की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जे.के. माहेश्वरी और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की



- दिल्ली हाई कोर्ट का आदेश पलटा
- कुलदीप सेंगर अभी जेल में है बंद

अवकाशकालीन पीठ ने की। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने आदेश जारी करते हुए कहा कि इस मामले में कानून के कई महत्वपूर्ण प्रश्न जुड़े हुए हैं। शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया कि आमतौर पर जमानत पर रिहा हुए व्यक्ति को सुने बिना उसके आदेश पर रोक नहीं लगाई जाती लेकिन इस मामले के तथ्य 'असाधारण' हैं। न्यायालय ने जवाब दाखिल करने के लिए चार सप्ताह का समय दिया है।



इस मामले में सीबीआई ने एक विशेष अनुमति याचिका दायर 26 दिसंबर, 2025 को दायर की थी। इसमें 23 दिसंबर के दिल्ली हाई कोर्ट के फैसले को चुनौती दी गई थी, जिसने सेंगर की अपील लंबित रहने के दौरान उनके आजीवन कारावास की सजा पर रोक लगा दी थी। सेंगर को दिसंबर 2019 में एक विशेष सीबीआई अदालत ने उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले में एक नाबालिग लड़की से दुष्कर्म के लिए दोषी ठहराया था और 25 लाख के जुर्माने के साथ आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी।



सुप्रीम कोर्ट के फैसले से पीड़िता खुश, बोली

### कुलदीप सेंगर को फांसी होनी चाहिए

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को उन्नाव दुष्कर्म मामले में दोषी ठहराए गए पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर की जमानत के दिल्ली हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगा दी। पीड़िता ने कहा, 'मैं कोर्ट के फैसले से बहुत खुश हूं। सुप्रीम कोर्ट से मुझे न्याय मिला और पूरा भरोसा है कि आगे भी मिलता रहेगा। मैं इस लड़ाई को लगातार लड़ती रहूंगी और यह सुनिश्चित करूंगी कि उसे फांसी की सजा मिले तभी हमारे परिवार को सच्चा न्याय मिलेगा। मैं उन सभी की आभारी हूं जो मेरे साथ खड़े रहे।

## अरावली पर अपना ही फैसला पलटा

### समिति की रिपोर्ट के कार्यान्वयन पर रोक लगाई, उठ रही चिंताओं का दिया हवाला

**नई दिल्ली,** 29 दिसम्बर (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को अरावली पहाड़ियों की संशोधित 'परिभाषा' से संबंधित अपने पिछले निर्देशों और एक विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट के कार्यान्वयन पर रोक लगा दी। अदालत ने अरावली के संबंध में उठ रही चिंताओं का हवाला देते हुए कहा कि संशोधन का गलत अर्थ निकाला जा रहा है कि इससे पारिस्थितिक रूप से संवेदनशील क्षेत्रों में अनियमित खनन की अनुमति मिल सकती है। भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जे के माहेश्वरी और ए जी मसीह की एक अवकाशकालीन पीठ ने कहा कि संशोधित परिभाषा को लागू करने



- विशेषज्ञ समिति के गठन का आदेश दिया
- अब 21 जनवरी को होगी अगली सुनवाई

से पहले और स्पष्टीकरण की आवश्यकता है। पीठ ने टिप्पणी की, 'हम यह आवश्यक समझते हैं कि समिति की सिफारिशों और इस अदालत के निर्देशों को स्थगित रखा जाए।'

**केंद्र व राज्य सरकारों को नोटिस**

अदालत ने अरावली की अद्यतन परिभाषा के संबंध में 'जांच या पुनरीक्षण' की आवश्यकता वाले मुद्दों का अध्ययन करने के लिए एक नयी विशेषज्ञ समिति के गठन का भी आदेश दिया। पीठ ने केंद्र सरकार, राजस्थान, गुजरात, दिल्ली और हरियाणा की सरकारों को नोटिस भी जारी किए। उच्चतम न्यायालय ने मामले को आगे की सुनवाई के लिए 21 जनवरी को सूचीबद्ध किया है। संशोधित परिभाषा के तहत केंद्र सरकार की ओर से जारी अधिसूचना पर कार्यकर्ताओं और वैज्ञानिकों द्वारा विरोध और चिंता जताए जाने के बाद स्वत: संज्ञान लेते हुए यह कार्यवाही शुरू की गई थी।

### कांग्रेस ने केंद्रीय मंत्री का इस्तीफा मांगा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने अरावली पर्वतमाला की परिभाषा बदलने के केंद्र सरकार के प्रयासों पर सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देशों का स्वागत किया है। पार्टी ने कहा कि केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव जिस तरह के तर्कों से इस बदलाव को सही ठहरा रहे थे, न्यायालय ने उन्हें सिरे से खारिज कर दिया है, इसलिए उन्हें तत्काल अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने सोमवार सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि मोदी सरकार के अरावली की परिभाषा बदलने के प्रयासों पर सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का पार्टी स्वागत करती है।

## जहरीले धुएं की चपेट में दिल्ली

- एक्यूआई गंभीर स्तर पर
- दृश्यता में भी गिरावट

**नई दिल्ली,** 29 दिसम्बर राष्ट्रीय राजधानी में छायी गहरी धुंध के कारण सोमवार सुबह दृश्यता में भारी गिरावट दर्ज की गई और पूरे एनसीआर में वायु प्रदूषण की स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार, वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 318 दर्ज किया गया, जिसका मतलब है कि एक्यूआई बहुत खराब श्रेणी में है। जैसे-जैसे दिन चढ़ता गया, वायु प्रदूषण की स्थिति और बिगड़ती गई और सुबह सात बजे तक एक्यूआई 403 तक पहुंच गया। घने कोहरे के कारण दृश्यता लगभग शून्य हो गई, जिससे रेलगाड़ियों एवं दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पर उड़ानों का संचालन प्रभावित हुआ। ठंड एवं धुंध के कारण नोएडा के स्कूल बंद रहे। मौसम विज्ञान विभाग ने दिल्ली में अत्यधिक घने कोहरे के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। विभाग ने न्यूनतम तापमान सात डिग्री सेल्सियस रहने का पूर्वानुमान लगाया है।



### आनंद विहार में एक्यूआई 459 दर्ज

आनंद विहार में वायु गुणवत्ता सबसे खराब दर्ज की गई, जहां एक्यूआई 459 दर्ज किया गया। अन्य क्षेत्रों में भी प्रदूषण स्तर गंभीर पाया गया, जिनमें आईजीआई हवाई अड्डे पर एक्यूआई 317, आईआईटी दिल्ली में 362, आईटीओ में 400, लोधी रोड पर 359 और चांदनी चौक पर 423 दर्ज किया गया।

### एंजेल की मौत पर विपक्ष ने सरकार को घेरा

## भाजपा राज में नफरत सामान्य : राहुल

**नई दिल्ली,** 29 दिसम्बर (एजेंसियां)। उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में त्रिपुरा के छात्र एंजेल चकमा की हत्या के मामले ने अब बड़ा राजनीतिक रूप ले लिया है। इस घटना को लेकर विपक्ष ने केंद्र सरकार और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर तीखा हमला बोला है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने इसे 'नफरती अपराध' करार देते हुए सरकार की चुप्पी पर सवाल उठाए हैं। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने एंजेल चकमा की हत्या की कड़ी निंदा की है। उन्होंने सोमवार को भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि सत्ताधारी पार्टी ने नफरत को सामान्य बना दिया है, जिसकी वजह से ऐसी घटनाएं हो रही हैं। इसको लेकर राहुल गांधी ने एक्स पर लिखा, 'देहरादून में एंजेल चकमा और उनके भाई माइकल के साथ जो हुआ, वह नफरत का एक भयावह उदाहरण है। नफरत रातों-रात पैदा नहीं होती, बल्कि इसे रोज बढ़ावा दिया जा रहा है। दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि हमारे युवाओं को जहरीले कंटेंट और गैर-जिम्मेदार कहानियों के जरिए प्रभावित किया जा रहा है, जिससे ऐसी हिंसा को समाज में सामान्य बनाया जा रहा है। भारत की नींव सम्मान और एकता पर टिकी है, डर और नफरत पर नहीं।

**नेताओं ने सरकार की चुप्पी पर सवाल उठाए**



देहरादून में एंजेल चकमा और उनके भाई माइकल के साथ जो हुआ, वह नफरत का एक भयावह उदाहरण है। नफरत रातों-रात पैदा नहीं होती, बल्कि इसे रोज बढ़ावा दिया जा रहा है: **राहुल गांधी, कांग्रेस नेता**

**नफरत भरे अपराधों के खिलाफ आवाज उठाएं : सिब्बल**

वहीं, कपिल सिब्बल ने भी इस मुद्दे पर केंद्र सरकार को घेरा है। उन्होंने गृह मंत्री अमित शाह से अपील की कि वे नफरत भरे अपराधों के खिलाफ अपनी आवाज उठाएं। सिब्बल ने लिखा, यह अपराध और कट्टरता का एक चौंकाने वाला उदाहरण है।

### बेहद घृणित मानसिकता का दुष्परिणाम: अखिलेश



समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोमवार को कहा कि देहरादून में त्रिपुरा के एक छात्र की हत्या नफरती लोगों की बेहद घृणित मानसिकता का दुष्परिणाम है।

रूस-यूक्रेन के बीच 20 सूत्रीय समझौते पर चर्चा

## हम समझौते के बहुत करीब पहुंच रहे : ट्रंप

**फ्लोरिडा,** 29 दिसम्बर (एजेंसियां)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की की फ्लोरिडा में मुलाकात हुई। इस मुलाकात के दौरान दोनों देशों के राष्ट्रपति ने रूस और यूक्रेन के बीच 20 सूत्रीय समझौते पर चर्चा की। ट्रंप और जेलेंस्की के बीच फ्लोरिडा में तीन घंटे से ज्यादा बातचीत हुई। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, 'मुझे लगता है कि हम बहुत करीब पहुंच रहे हैं, शायद बहुत करीब।' अमेरिकी राष्ट्रपति ने यह भी कहा है कि जेलेंस्की और यूरोपीय देशों से मुलाकात के साथ ही पुतिन से भी दोबारा बात होगी। हालांकि, ट्रंप ने जानकारी दी कि जेलेंस्की से मुलाकात से पहले रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से उन्होंने फोन पर बातचीत की। इस पर क्रेमलिन के विदेश नीति सहयोगी यूरी उशाकोव ने बताया कि ट्रंप और पुतिन के बीच 1.15 घंटे तक बातचीत हुई। दोनों नेताओं ने यूक्रेन विवाद में एक स्थायी शांतिपूर्ण समझौते पर पहुंचने में आपसी दिलचस्पी दिखाई। पुतिन ने इस साल की शुरुआत में एंकरेज में हुई समिट के दौरान दोनों राष्ट्रपतियों के बीच बनी सहमति पर भरोसा करने की जरूरत पर जोर दिया। इसके अलावा, दोनों नेताओं ने इस बात पर भी सहमति जताई है कि यूक्रेन और उसके यूरोपीय समर्थकों की ओर से जो प्रस्तावित तत्कालीन सीजफायर है, वह सिर्फ विवाद को लंबा खींचेगा।



ट्रंप ने जेलेंस्की से की 3 घंटे तक मुलाकात

### ट्रंप ने जेलेंस्की को सराहा

ट्रंप व जेलेंस्की ने इस बात पर जोर दिया कि यह प्रक्रिया मुश्किल है और इसमें समय लगेगा। हालांकि, ट्रंप ने जेलेंस्की की सराहना की और भरोसा जताया कि शांति नजदीक है।

## टाटानगर-एर्नाकुलम एक्सप्रेस में आग लगने से एक की मौत

**विशाखापट्टनम,** 29 दिसम्बर (एजेंसियां)। विशाखापट्टनम से करीब 66 किमी दूर येलमंचिली में टाटानगर-एर्नाकुलम एक्सप्रेस ट्रेन के दो डिब्बों में आग लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि रविवार रात 12:45 बजे ट्रेन में आग लगने की खबर मिली। उस वक्त ट्रेन आंध्र प्रदेश के अनाकापल्ली में येलमंचिली रेलवे स्टेशन पर पहुंच गई थी।

जब ट्रेन में आग लगी, तो दोनों कोच में से एक में 82 और दूसरे में 76 यात्री थे। पुलिस को बी1 कोच से एक शव मिला। मरने वाले की पहचान 70 साल के चंद्रशेखर सुंदरम के रूप में हुई है। जले हुए कोच अलग करके ट्रेन को एर्नाकुलम रवाना कर दिया गया। यात्रियों को दूसरे साधनों से उनके गंतव्य तक भेजा जाएगा। दो फोरेंसिक टीमें आग लगने के कारणों का पता लगा रही हैं। साउथ सेंट्रल रेलवे (एससीआर) ने यात्रियों की सहायता के लिए कुछ हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं। येलमंचिली के लिए हेल्पलाइन नंबर 7815909386 है, अनकापल्ली के लिए 7569305669, तुनी के लिए 7815909479 और समालकोट के लिए 7382629990 नंबर जारी किया गया है।



- ट्रेन के दो डिब्बों में लगी आग
- रेलवे ने जारी किए हेल्पलाइन नंबर

## असम की तरह पूरे देश से घुसपैठिए भगाएंगे : शाह

**गुवाहाटी,** 29 दिसम्बर (एजेंसियां)। असम के नौगांव में सोमवार को गृह मंत्री अमित शाह ने बटाद्रवा पुनर्विकास परियोजना का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में शाह ने कहा- हिमंत बिस्वा सरमा ने बांग्लादेशी घुसपैठियों से एक लाख बीघा जमीन मुक्त करवा दी है। इसी तरह पूरे देश से हम घुसपैठियों को भगाएंगे। उन्होंने आगे कहा कि आज मैं गोपीनाथ बोरदोलोई जी को याद करना चाहता हूं। अगर वे नहीं होते, तो आज असम और पूरा नॉर्थ ईस्ट भारत का हिस्सा नहीं होता।



सरमा ने घुसपैठियों से एक लाख बीघा जमीन मुक्त करवा दी है

**तैयारी** *सशस्त्र बलों की क्षमता बढ़ाना है लक्ष्य*

## 79000 करोड़ रुपए के रक्षा सौदों को मंजूरी

**नई दिल्ली, 29 दिसम्बर (एजेंसियां)। सरकार ने सशस्त्र बलों की क्षमता बढ़ाने के लिए 79,000 करोड़ रुपए के रक्षा खरीद सौदों के प्रस्तावों को मंजूरी दी है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को हुई रक्षा खरीद परिषद की बैठक में तीनों सेनाओं के लिए आवश्यकता के आधार पर खरीद के इन प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। रक्षा मंत्रालय ने इस वर्ष की अंतिम बैठक में मंजूर किए प्रस्तावों की जानकारी दी।**

इन खरीद सौदों की कुल अनुमानित लागत लगभग 79,000 करोड़ रुपए है।

**इनकी मिली मंजूरी**

इनमें सेना की तोपखाना रेजिमेंट के लिए लॉयटर म्यूनिशन सिस्टम, लो लेवल लाइट वेट रडार, पिनाका मल्टीपल लॉन्च रॉकेट सिस्टम के लिए लंबी दूरी के निर्देशित रॉकेट एम्युनिशन तथा इंटीग्रेटेड ड्रोन डिटेक्शन एंड इंटरडिक्शन सिस्टम मार्क-2 की खरीद को मंजूरी दी गई। बैठक में नौसेना के लिए बोलार्ड पुल टग्स, हाई फ्रीक्वेंसी सॉफ्टवेयर डिफाइंड रेडियो मैनपैक तथा हाई एल्टीट्यूड लॉन्ग रेंज रिमोटली पायलटेड एयरक्राफ्ट सिस्टम को लीज पर लेने के प्रस्तावों को आवश्यकता पर खरीद की स्वीकृति प्रदान की गई। वायु सेना के लिए ऑटोमैटिक टेक-ऑफ लैंडिंग रिकॉर्डिंग सिस्टम, अस्त्र मार्क-2 मिसाइलें, फुल मिशन सिम्युलेटर तथा स्पाइस-1000 लॉन्ग रेंज गाइडेंस किट्स आदि की खरीद को आवश्यकता की स्वीकृति दी गई।




### सटीक प्रहार के लिए उपयोग

लॉयटर म्यूनिशन का उपयोग सामरिक लक्ष्यों पर सटीक प्रहार के लिए किया जाता है जबकि लो लेवल लाइट वेट रडार छोटे आकार की, कम ऊंचाई पर उड़ने वाली मानवरहित हवाई प्रणालियों का पता लगाने और उनका पीछा करने में सक्षम होते हैं। लंबी दूरी के निर्देशित रॉकेट पिनाका मल्टीपल लांच राकेट प्रणाली की मारक क्षमता और सटीकता को बढ़ाएंगे, जिससे लक्ष्यों पर प्रभावी प्रहार संभव होगा।


**सार संक्षेप**

### घने कोहरे के कारण 130 उड़ानें रद्द आठ उड़ाने डायवर्ट



**नई दिल्ली।** दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सोमवार सुबह घने कोहरे के कारण 130 उड़ानें रद्द रहीं और आठ उड़ानों को डायवर्ट किया गया। एयरपोर्ट पर रविवार-सोमवार की रात दो बजे से ही दृश्यता एकदम कम हो गयी थी और उपकरण समर्थित लैंडिंग सुविधा के तहत परिचालन के लिए कैट-3 की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी। सुबह 10 बजे तक यही स्थिति रही। बाद में धीरे-धीरे कोहरा कम हुआ। इसके अलावा, दिल्ली आने वाली आठ उड़ानों को दूसरे शहरों में डायवर्ट करना पड़ा।

### सबसे बड़ा भगोड़ा' वीडियो पर ललित मोदी का यू टर्न



**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के पूर्व चेयरमैन ललित मोदी का भगोड़े विजय माल्या के साथ हाल ही में एक वीडियो वायरल हुआ था। इस वीडियो में ललित मोदी ने माल्या और खुद को सबसे बड़ा भगोड़ा बताते हुए भारत पर तंज कसा था। इस वीडियो पर भारतीय विदेश मंत्रालय ने तीखी प्रतिक्रिया भी जाहिर की थी। अब इसके कुछ समय बाद ही ललित मोदी ने यू-टर्न लेते हुए भारत सरकार से माफी भी मांग ली है।

### ईडी ने दिल्ली-एनसीआर में 10 ठिकानों पर मारी रेड



**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के गुरुग्राम जोनल ऑफिस ने 26-27 दिसंबर को दिल्ली, गुरुग्राम और रोहतक में कुल दस स्थानों पर व्यापक तलाशी अभियान चलाया। यह कार्रवाई इंद्रजीत सिंह यादव, उसके सहयोगी अपोलो ग्रीन एनर्जी लिमिटेड तथा अन्य संबंधित संस्थाओं एवं व्यक्तियों के खिलाफ दर्ज मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में की गई। यह जांच प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए), 2002 के तहत की जा रही है, जो इंद्रजीत सिंह यादव द्वारा अवैध उगाही, प्राइवेट फाइनेंसरों के जबरन लोन सेटलमेंट, हथियारों के बल पर धमकाने और ऐसी अवैध गतिविधियों से कमीशन कमाने से जुड़ी है।

### दिल्ली में दो जनवरी से शुरू होगा साहित्य उत्सव : मिश्रा



**नई दिल्ली।** दिल्ली के कला संस्कृति मंत्री कपिल मिश्रा ने सोमवार को कहा कि राजधानी में दो से चार जनवरी तक साहित्य उत्सव का आयोजन किया जाएगा, जिसमें 40 से अधिक नई पुस्तकों का विमोचन किया जाएगा। श्री कपिल मिश्रा ने आज यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि देश का सबसे बड़ा साहित्यिक उत्सव का आयोजन दिल्ली में किया जाएगा। इसमें देश की कई नामचीन हस्तियां शामिल होंगी। यह नेशनल स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा।

# परंपरागत ज्ञान, संस्कृति और अस्मिता को संरक्षित रखना जरूरी : द्रौपदी मुर्मु

## संथाली भाषा की ओलचिकी लिपि के शताब्दी समारोह को किया संबोधित

**जमशेदपुर,** 29 दिसम्बर (एजेंसियां)। भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सोमवार को पूर्वी सिंहभूम जिले के करनडीह स्थित आदिवासी पूजास्थल 'दिशोम जाहेरथान' परिसर में संथाली भाषा की ओलचिकी लिपि के शताब्दी समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए परंपरागत ज्ञान, संस्कृति और अस्मिता को संरक्षित रखने का आहवान किया। उन्होंने ओलचिकी लिपि के जनक पंडित रघुनाथ मुर्मु को श्रद्धांजलि अर्पित की। जमशेदपुर केज्ञकरनडीह स्थित दिशोम जाहेरथान प्रांगण में आयोजित इस समारोह में राष्ट्रपति मुर्मू ने अपने संबोधन की शुरुआत पारंपरिक संथाली नेहोर गीत 'जोहार जोहार आयो...' से की, जिसे उन्होंने करीब तीन मिनट तक गाया। राष्ट्रपति का यह आत्मीय स्वर सुनकर कार्यक्रम स्थल पर मौजूद हजारों लोग मंत्रमुग्ध हो गए। राष्ट्रपति ने कहा कि यह प्रार्थना गीत उन्होंने बचपन में सीखा था, जिसमें 'जाहेर आयो' (प्रकृति माता) से समाज को सदैव उजाले के मार्ग पर ले जाने की कामना की गई है। राष्ट्रपति मुर्मु ने इस बात पर जोर दिया कि संथाली भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल किए जाने के बाद यह आवश्यक है कि देश के नियम-कानून और प्रशासनिक व्यवस्थाओं की जानकारी संथाली भाषा में समाज के लोगों तक पहुंचे। समारोह में राष्ट्रपति ने संथाली भाषा और ओलचिकी लिपि के उत्थान में उल्लेखनीय योगदान देने वाले 12 लोगों को सम्मानित किया। समारोह को राज्यपाल संतोष गंगवार व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी संबोधित किया। राज्यपाल ने कहा कि राजभवन के द्वार आम लोगों के लिए सदैव खुले हैं और आदिवासियों के विकास से जुड़े हर प्रयास में राज्यपाल भवन सहयोग करेगा। सोरेन ने भी संथाली भाषा, संस्कृति और आदिवासी पहचान के संरक्षण के लिए राज्य सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई।

**ओलचिकी लिपि के जनक पंडित रघुनाथ को की श्रद्धांजलि अर्पित**



आदिवासी समाज के स्वाभिमान व अस्तित्व की रक्षा में संथाली लेखकों और सामाजिक कार्यकर्ताओं का योगदान सराहनीय : द्रौपदी मुर्मु

### समारोह में राष्ट्रपति ने संथाली भाषा में दिया पूरा संबोधन

ऑल इंडिया संथाली राइटर्स एसोसिएशन और दिशोम जाहेरथान कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित समारोह में राष्ट्रपति मुर्मु ने संथाली भाषा में पूरा संबोधन दिया। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचना उनके लिए भावनात्मक क्षण है, जहां अपने लोगों का प्रेम और इष्टदेवों का आशीर्वाद उन्हें प्राप्त हुआ है। आदिवासी समाज के स्वाभिमान और अस्तित्व की रक्षा में संथाली लेखकों और सामाजिक कार्यकर्ताओं के योगदान की सराहना करते हुए मुर्मु ने कहा कि आप अपने दैनिक जीवन से समय निकालकर ओल चिकी लिपि और संथाली भाषा के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं और ओलचिकी लिपि के जनक पंडित रघुनाथ मुर्मु के अधूरे सपनों को आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर भारत सरकार की ओर से ओलचिकी लिपि में संविधान के प्रकाशन को संथाली समाज को सशक्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

## भाजपा का 'बेटी बचाओ' अभियान हुआ बेनकाब : माकपा

**भोपाल,** 29 दिसम्बर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश में सतना जिले के रामपुर बाघेलान में जिला पंचायत सदस्य के पति एवं भाजपा नेता पर लगे बलात्कार के आरोप को लेकर मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने सत्ताधारी दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर तीखा हमला बोला है। माकपा ने कहा है कि यह घटना भाजपा के 'बेटी बचाओ' अभियान की वास्तविकता को उजागर करती है। माकपा के राज्य सचिव जसविंदर सिंह ने जारी बयान में कहा कि घटना के बाद आरोपी द्वारा पीड़ित महिला को खुलेआम चुनौती देना और पुलिस पर आपत्तिजनक टिप्पणी करना सत्ता के संरक्षण की ओर इशारा करता है। उन्होंने कहा कि गृह मंत्रालय मुख्यमंत्री के पास होने के बावजूद वीडियो वायरल होने के पांच दिन बाद तक एफआईआर दर्ज न होना गंभीर सवाल खड़े करता है। जसविंदर सिंह ने आरोप लगाया कि भाजपा नेताओं की इस जघन्य अपराध पर चुप्पी यह दर्शाती है कि वे पीड़िता के साथ खड़े होने के बजाय आरोपी को बचाने का प्रयास कर रहे हैं। यह कोई अकेली घटना नहीं है, बल्कि भाजपा के एक अन्य नेता और शिवराज सरकार के मंत्री भी पिछले एक सप्ताह से गायब हैं, जिन पर तीन महिलाओं ने पत्नी होने का दावा किया है, लेकिन भाजपा इस मामले में भी मौन है। माकपा ने सतना प्रकरण के आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई, पीड़ित महिला को सुरक्षा और उचित मुआवजा देने की मांग की है।

## भ्रष्टाचार मामले में भाजपा की मौजूदा सरकार नंबर एक : अखिलेश यादव

### जल जीवन मिशन अब बना लूट का मिशन



**लखनऊ,** 29 दिसम्बर (एजेंसियां)। समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा है कि प्रदेश में भ्रष्टाचार और लूट अपने चरम पर पहुंच चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार के सत्ता में आने के बाद से हर विभाग और हर कार्य में कमीशनखोरी हावी है और भ्रष्टाचार के मामले में मौजूदा सरकार 'नंबर एक' बन चुकी है। सोमवार को पार्टी की तरफ से जारी बयान में अखिलेश यादव ने कहा कि निर्माण कार्यों, सड़कों के निर्माण और जल जीवन मिशन जैसी महत्वाकांक्षी योजनाओं में भारी भ्रष्टाचार हो रहा है। कई जिलों में पानी की टंकियां भ्रष्टाचार का बोझ नहीं झेल पाईं और धराशायी हो गईं। उन्होंने आरोप लगाया कि जल जीवन मिशन अब 'लूट का मिशन' बन गया है, जहां गुणवत्ता और जनहित की बजाय कमीशन को प्राथमिकता दी जा रही है।

उन्होंने आगे कहा कि प्रदेश में अवैध कारोबारों को सत्ता का संरक्षण प्राप्त है। पूरे उत्तर प्रदेश में नशे और अवैध धंधों का जाल फैला हुआ है। भाजपा सरकार ने हर क्षेत्र में माफिया पैदा कर दिए हैं भूमाफिया, ड्रग माफिया, खनन माफिया और लकड़ी माफिया खुलेआम लूट मचा रहे हैं। जनता से किए गए वादे पूरे करने में सरकार विफल रही है और भ्रष्टाचार रोकने के उसके दावे खोखले साबित हुए हैं। कन्नौज जनपद के छिबरामऊ का उदाहरण देते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि चार दिन में करीब 20 लाख रुपये की लागत से बनी सड़क उखड़ गई। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि भाजपा सरकार में सड़कें नहीं बनतीं, बल्कि 'कमीशनखोरी की सड़कें' बिछाई जाती हैं। तहसील और थाने भ्रष्टाचार के अड्डे बन गए हैं, जहां आम आदमी को अपने ही काम के लिए रिश्वत देनी पड़ रही है। अखिलेश यादव ने कहा कि भ्रष्टाचार के कारण आम जनता बुरी तरह परेशान और त्रस्त है। सपा जनता की आवाज बनेगी और भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों तथा भ्रष्टाचार को सड़क से सदन तक उजागर करती रहेगी।

**सार संक्षेप**

### कश्मीर के तंगमर्ग जंगलों में ट्रेकिंग पर पाबंदी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने सोमवार को उत्तर कश्मीर के बारामुला जिले के तंगमर्ग क्षेत्र के ऊपरी वन क्षेत्रों में ट्रेकिंग को लेकर सख्त प्रतिबंधों की घोषणा करते हुए गैर-स्थानीय पर्यटकों के प्रवेश पर पूरी तरह रोक लगा दी गई है, जबकि स्थानीय निवासियों को जंगल क्षेत्रों में जाने से पहले पूर्व अनुमति लेना अनिवार्य किया गया है। पुलिस ने इस बावत एक सुरक्षा परामर्श जारी किया है और इसे गत 21 दिसम्बर को डनवास वन क्षेत्र में हुई एक अनधिकृत ट्रेकिंग की घटना के बाद जारी किया गया है।

### चंद्रशेखर राव ने दिवंगत विधायकों को दी श्रद्धांजलि

**हैदराबाद।** भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के अध्यक्ष और तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री एवं विपक्ष के नेता के. चंद्रशेखर राव सोमवार को तेलंगाना विधानसभा में थोड़ी देर के लिए मौजूद रहे। वह अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के बाद केवल कुछ मिनटों के लिए सदन में थे। राव सुबह करीब 10:30 बजे विस की कार्यवाही शुरू होने के तुरंत बाद वहां पहुंचे और सदस्यों द्वारा दिवंगत पूर्व विधायकों दामोदर रेड्डी और कोंडा लक्ष्मा रेड्डी को श्रद्धांजलि अर्पित करने के कुछ समय बाद वहां से चले गए।

### मणिपुर में महिला की हत्या के मामले में चार गिरफ्तार

**इम्फाल।** मणिपुर पुलिस ने पश्चिम इम्फाल जिले की एक महिला के लापता होने और उसके बाद हुई हत्या के मामले के संबंध में चार व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने सोमवार को जानकारी दी कि मृतका खैदेम (ओ) चौबा देवी (27) के पहले लापता होने की सूचना मिली थी। बाद की जांच में पता चला कि उसकी हत्या कर दी गई थी। इसी सिलसिले में उनके पति और सास सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों में मृतका का पति खैदेम नरेश्वर सिंह, उनकी सास खैदेम (ओ) इंदिरा, लंगथेल लैखोम बाजार के मोइरांगथेम धनजीत सिंह और यैरिपोक वांगखेम की कननबाला देवी उर्फ धनेश्वरी शामिल हैं। मामले की आगे की जांच जारी है।

### चतरा में टीएसपीसी गुट के भीतर खूनी संघर्ष

**चतरा।** झारखंड के चतरा जिले के कुंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत गेंद्रा गांव में प्रतिबंधित नक्सली संगठन टीएसपीसी के भीतर वर्चस्व की लड़ाई में रविवार देर रात हुई फायरिंग की इस घटना में पूर्व टॉप कमांडर देवेंद्र गंझू और उसके साथी चुरामन गंझू की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि श्याम भोक्ता और उसका साला गोपाल भोक्ता गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में गोपाल भोक्ता को इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है।

## प्रधानमंत्री मोदी से मिले संजय सरावगी


बिहार के विकास से जुड़े मुद्दों पर हुई सार्थक चर्चा

**पटना,** 29 दिसम्बर (एजेंसियां)। बिहार भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी सोमवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिले और इस दौरान दोनों नेताओं के बीच बिहार के विकास से जुड़े मुद्दों पर सार्थक चर्चा हुई। मुलाकात के बाद सरावगी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी से यह भेंट बिहार के समग्र विकास, किसानों के सशक्तिकरण और संगठन की मजबूती की दिशा में महत्वपूर्ण एवं प्रेरणादायक रही। प्रदेश अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री के साथ मुलाकात के दौरान उपहार स्वरूप उन्हें मां जानकी की जन्मस्थली पुनौरा धाम की तस्वीर वाला मोमेंटो तथा मधुबनी पेंटिंग से बनी शॉल भेंट की। विशेष धातु से बनी इस मोमेंटो में भगवान राम, लक्ष्मण और माता जानकी की तस्वीर सुंदर तरीके से उकेरी गई है। प्रधानमंत्री ने इस मुलाकात के दौरान बिहार के विकास से संबंधित विषयों पर सरावगी के साथ लंबी बातचीत की। इस क्रम में मोदी ने बिहार की विशिष्ट पहचान मखाना के उत्पादन और व्यावसायिक विकास पर महत्वपूर्ण चर्चा की।

## स्किल इंडिया में प्रशिक्षण के नाम पर घोटाला : कमलनाथ

- कैग रिपोर्ट के आधार पर केंद्र सरकार पर साधा निशाना
- मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार की चुप्पी पर उठाए सवाल


प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 2.0 और 3.0 में 94 प्रतिशत से अधिक लाभार्थियों के बैंक खाते फर्जी पाए गए : कमलनाथ

**भोपाल,** 29 दिसम्बर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने सोमवार को एक बयान जारी कर कैग रिपोर्ट के आधार पर केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि युवाओं के प्रशिक्षण के नाम पर घोटाला हुआ है और भाजपा की सरकारें मौन हैं। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कैग रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि भाजपा सरकार की स्किल इंडिया पीएम कौशल विकास योजना में 9,200 करोड़ से अधिक का बड़ा घोटाला सामने आया है।

युवाओं को कौशल और रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से शुरू की गई इस महत्वाकांक्षी योजना में 2015 से 2022 के बीच 1.32 करोड़ युवाओं को प्रशिक्षित करने के नाम पर 10,194 करोड़ प्रस्तावित हुए, लेकिन 18 दिसम्बर 2025 को संसद में प्रस्तुत कैग की परफॉर्मेंस ऑडिट रिपोर्ट ने इस योजना में व्याप्त गंभीर अनियमितताओं और भ्रष्टाचार की परतें खोल दी हैं। कमलनाथ ने कहा कि कैग रिपोर्ट के मुताबिक प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 2.0 और 3.0 में 94 प्रतिशत से अधिक लाभार्थियों के बैंक खाते फर्जी या अमान्य पाए गए। कई मामलों में एक ही बैंक खाता हजारों उम्मीदवारों से जोड़ा गया और एक ही फोटो के आधार पर सैकड़ों लाभार्थियों को अलग-अलग राज्यों में प्रशिक्षित दिखा दिया गया। यह न केवल सरकारी धन का दुरुपयोग है, बल्कि देश के युवाओं के भविष्य के साथ खुला धोखा भी है। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने आगे कहा कि रिपोर्ट में यह भी सामने आया कि प्लेसमेंट के आंकड़े जानबूझकर बढ़ा-चढ़ाकर पेश किए गए।

कई स्थानों पर बंद या नाममात्र के प्रशिक्षण केंद्रों को सक्रिय बताकर हजारों युवाओं की फर्जी ट्रेनिंग दर्ज कर दी गई। यहां तक कि एक ही व्यक्ति द्वारा एक ही दिन में कई राज्यों में निरीक्षण किए जाने की प्रविष्टियां दर्ज की गईं, जो व्यवस्था की पोल खोलने के लिए पर्याप्त हैं। कैग रिपोर्ट के आधार पर मध्य प्रदेश की चर्चा करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में भी भाजपा सरकार के कार्यकाल में 4.7 लाख युवाओं को प्रशिक्षित करने का दावा किया गया, जिसमें लगभग 23 करोड़ के गबन की आशंका है। यह दर्शाता है कि केंद्र से लेकर राज्य स्तर तक भ्रष्टाचार की जड़ें कितनी गहरी हैं।

### घोटाले को दबाने में लगीं केंद्र व राज्य सरकारें

भाजपा की ओर से भ्रष्टाचार रोकने के लिए दिए जाने वाले नारे की चर्चा करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कहा कि 'ना खाऊंगा, ना खाने दूंगा' का नारा देने वाली भाजपा सरकार के स्किल इंडिया मिशन में 9,261 करोड़ की लूट सामने आने के बावजूद केंद्र और राज्य सरकारें इस घोटाले की निष्पक्ष जांच कराने के बजाय इसे दबाने में लगी हुई हैं, जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और चिंताजनक है। कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में हुए प्रशिक्षण की चर्चा करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि छिंदवाड़ा में हमारी कांग्रेस सरकार के दौरान स्किल इंडिया सेंटर जैसे अनेकों संस्थानों और उनके माध्यम से सैंकड़ों कोर्स की शुरुआत पूरी पारदर्शिता के साथ की गई। हमारा उद्देश्य वाहवाही लूटना नहीं था। हमारा उद्देश्य युवाओं को रोजगार से जोड़ना था। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि प्रशिक्षण शुल्क का बोझ भी छात्रों पर नहीं डाला गया, ट्रेनिंग शुल्क की व्यवस्था भी हमने बनवाई।

## बंगाल में महिला होम गार्ड की रहस्यमय मौत मामले में पुलिसकर्मी पर मामला दर्ज

### आरोपी को निलंबित कर जांच के लिए विशेष जांच दल गठित

**कोलकाता,** 29 दिसम्बर (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले में एक महिला होम गार्ड की रहस्यमय मौत की जांच के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) बनाई गई है। मामले में एक पुलिसकर्मी पर ही हत्या का केस दर्ज हुआ है। पुलिस ने सोमवार को बताया कि कैनिंग पुलिस स्टेशन के सब-इंस्पेक्टर सायन भट्टाचार्य के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया है। आरोपी पुलिसकर्मी को इस मामले में ड्यूटी से सस्पेंड कर दिया गया है। मृतिका के परिवार ने उस पर महिला की मौत में शामिल होने का आरोप लगाया है। रेशमी मोल्ला नाम की होम गार्ड का शव शनिवार को कैनिंग में पुलिस क्वार्टर से बरामद किया गया था। पुलिस को शक है कि रेशमी मोल्ला की रहस्यमयी मौत की खबर सामने आने के तुरंत बाद सायन भट्टाचार्य छिप गया। पीड़िता के परिवार ने आरोप लगाया है कि रेशमी का सब-इंस्पेक्टर के साथ विवाहेत्तर संबंध थे, और रिश्ता सामने आने के बाद उसकी हत्या कर दी गई।

शिकायत के आधार पर, बारुईपुर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया और जांच शुरू की। पुलिस के मुताबिक, रेशमी शुक्रवार को अपनी ड्यूटी पूरी करने के बाद कैनिंग पुलिस स्टेशन के पीछे क्वार्टर में गई थी।

**घटना के बाद आरोपी हुआ गायब**

पुलिस अधिकारी ने बताया कि होम गार्ड के परिवार की हत्या की शिकायत के आधार पर पुलिसकर्मी के खिलाफ जांच शुरू कर दी गई है। घटना के बाद आरोपी सब-इंस्पेक्टर गायब हो गया है और पुलिस उसे पकड़ने के लिए तलाशी अभियान चला रही है। पुलिस लगातार उसकी तलाश कर रही है। छह सदस्यों वाली एक एसआईटी बनाई गई है और बारुईपुर पुलिस जिले के अपर पुलिस अधीक्षक रूपांतर सेनगुप्ता को टीम का प्रमुख बनाया गया है।

## तेलंगाना विधानसभा की कार्यवाही गुरुवार तक स्थगित

**हैदराबाद,** 29 दिसम्बर (एजेंसियां)। तेलंगाना विधानसभा का शीतकालीन सत्र सोमवार सुबह 10.30 बजे शुरू हुआ और शोक प्रस्ताव एवं शून्यकाल की चर्चा के बाद सदन की कार्यवाही गुरुवार सुबह 10:00 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। सत्र की शुरुआत राष्ट्रगान से हुई जिसके बाद विधानसभा अध्यक्ष गद्दाम प्रसाद कुमार और अन्य सदस्यों ने दिवंगत पूर्व सदस्यों को श्रद्धांजलि अर्पित की। तुंगतुर्थी और सूर्यापेट निर्वाचन क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करने वाले पूर्व मंत्री रामरेड्डी दामोदर रेड्डी और चेवेल्ला के पूर्व विधायक कोंडा लक्ष्मण रेड्डी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सदन में उनकी याद में दो मिनट का मौन रखा गया। शून्यकाल के दौरान, विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों के सदस्यों ने कई सार्वजनिक मुद्दे उठाए। भारत राष्ट्र समिति के विधायक गंगुला कमलाकर ने तिरुमाला तिरुपति में तेलंगाना के श्रद्धालुओं को आवास संबंधी कठिनाइयों की ओर ध्यानाकर्षित किया। उन्होंने सरकार से अन्य राज्यों द्वारा स्थापित सुविधाओं की तर्ज पर तिरुमाला में एक तेलंगाना भवन के निर्माण का आग्रह किया और सबरीमाला में भी एक तेलंगाना भवन स्थापित करने का सुझाव दिया। इस मुद्दे पर प्रतिक्रिया देते हुए मंत्री जुपल्ली कृष्णा राव ने कहा कि सुझावों पर ध्यान दिया गया है। शून्यकाल के बाद, अध्यक्ष ने सदन को स्थगित कर दिया।

## भारत में हर धर्म को फलने-फूलने का अधिकार : फारूक

### देश के संवैधानिक मूल्यों पर दिया जोर



**श्रीनगर,** 29 दिसम्बर (एजेंसियां)। नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष एवं जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला ने सोमवार को कहा कि भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश है जहां हर धर्म को फलने-फूलने का अधिकार है। अब्दुल्ला ने यहां संवाददाताओं से बातचीत में एक धार्मिक स्थल पर कथित पत्थरबाजी की घटना पर पूछे गए सवाल के जवाब में कहा कि ऐसे तत्व समाज में हमेशा से मौजूद रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे लोग हैं और वे रहेंगे। बुराई मौजूद है और वह अपना काम करती रहेगी। किसी को भी उससे डरने की जरूरत नहीं है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि केंद्र को राज्यों को सांप्रदायिक अशांति रोकने के लिए निर्देश देना चाहिए। भारत के संवैधानिक मूल्यों पर जोर देते हुए अब्दुल्ला ने कहा कि हमने हमेशा कहा है कि भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश है। यह हर धर्म को आगे बढ़ने की अनुमति देता है। अब यह केंद्र सरकार पर निर्भर है कि वह राज्यों को जो हो रहा है उसे रोकने के लिए कहे। 'बांग्लादेश की स्थिति पर उन्होंने कहा कि भारत हमेशा अपने पड़ोसी देश के साथ सौहार्दपूर्ण संबंध बनाए रखना चाहता है। उन्होंने कहा कि हम मित्रता, शांति और भाईचारा चाहते हैं। अभी चुनाव हैं और नयी सरकार बनेगी। हमें उम्मीद है कि दिल्ली और ढाका आदान-प्रदान के नए रास्ते खोलेंगे। अब्दुल्ला ने आने वाले वर्ष में क्षेत्र में शांति और समृद्धि के लिए प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि अल्लाह आने वाले वर्ष को इस वर्ष से बेहतर बनाए।

**आयोजन** उप राष्ट्रपति राधाकृष्णन ने पुदुचेरी में आवासीय योजना का किया उद्घाटन

## लाभार्थियों को सौंपीं 216 नव-निर्मित मकानों की चाबियां

**पुदुचेरी, 29 दिसम्बर (एजेंसियां)। उप-राष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन पदभार ग्रहण करने के बाद केंद्र शासित प्रदेश पुदुचेरी, की पहली यात्रा पर यहां पहुंचे और स्मार्ट सिटीज मिशन के तहत एक आवास परियोजना का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने यहां 216 नव-निर्मित मकानों की चाबियां लाभार्थियों को सौंपीं। उन्होंने इस परियोजना की निगरानी पहले री पुदुचेरी के उप-राज्यपाल के रूप में।**

अपने कार्यकाल के दौरान से की थी। राधाकृष्णन ने आवास परियोजना के उद्घाटन के बाद लाभार्थियों से मुलाकात की, जिन्होंने परियोजना को शीघ्र पूरा करने के लिए उनको धन्यवाद दिया। उप-राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व की सराहना की, जिन्होंने 'सभी के लिए आवास' के मिशन को आगे बढ़ाया, और पुदुचेरी, सरकार के प्रयासों की प्रशंसा की कि उन्होंने इस परियोजना को प्रभावी ढंग से लागू किया। राधाकृष्णन अपनी दो दिवसीय यात्रा के दौरान केरल के तिरुवनंतपुरम और तमिलनाडु के रामेश्वरम में विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे। उनका पुदुचेरी हवाई अड्डे पर गार्ड ऑफ ऑनर के साथ गर्मजोशी से स्वागत किया गया। उप-राज्यपाल के. कैलाशनाथन, मुख्यमंत्री एन. रंगासामी और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने हवाई अड्डे पर उनका स्वागत किया। बाद में, राधाकृष्णन को एक नागरिक अभिनंदन समारोह में सम्मानित किया गया। पुदुचेरी में अपने कार्यकाल को याद करते हुए, राधाकृष्णन ने पुदुचेरी को सभ्यता, संस्कृति और आध्यात्मिक महत्व की अनुपम भूमि बताया। प्राचीन बंदरगाह अरिकामेडु का जिक्र करते हुए, जो भारत के रोमन दुनिया से समुद्री संबंधों को दर्शाता है, उन्होंने कहा कि पुदुचेरी हमेशा से विश्व के लिए खुला और जीवंत सांस्कृतिक केंद्र रहा है। उप-राष्ट्रपति ने पुदुचेरी से जुड़े महान विचारकों अरविंद, मदर मीरां अल्फासा (मां), और क्रांतिकारी तमिल कवि महाकवि सुब्रमण्यम भारती को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि इस धरती पर प्रतिपादित आध्यात्मिक प्रगति, मानव एकता और समावेशी राष्ट्रवाद के आदर्श आज भी भारत की यात्रा को प्रेरित करते हैं। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि राष्ट्रीय आंदोलन के दौरान पुदुचेरी विचारकों और स्वतंत्रता सेनानियों के लिए सुरक्षित आश्रय स्थल रहा। नागरिक अभिनंदन समारोह में पुदुचेरी के उप-राज्यपाल, मुख्यमंत्री, वरिष्ठ गणमान्य व्यक्ति, पुदुचेरी सिटिजन्स फोरम के सदस्य, धार्मिक नेता, अस्पतालों, शैक्षणिक संस्थानों, वाणिज्य और कारीगर संघों, बार काउंसिल तथा होटल संघों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। उप-राष्ट्रपति ने भारती स्मारक पर भारती की प्रतिमा का अनावरण किया, इसके बाद कुमारागुरु पल्लम साइट पर स्मार्ट सिटीज मिशन आवास परियोजना के लाभार्थियों से मुलाकात की।

उप राष्ट्रपति राधाकृष्णन मंगलवार शाम को रामेश्वरम में काशी तमिल संगम 4.0 के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे, फिर मदुरै हवाई अड्डे से दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगे।



■ आदेश का पालन न करने पर वेतन पर लगेगी रोक

# उदयपुर में टूरिस्ट की भीड, शहर भर में ट्रैफिक जाम

## कमरे का किराया 4 गुना बढ़ा, न्यू ईयर पर 300 से ज्यादा इवेंट्स होंगे

**उदयपुर।** उदयपुर में विंटर वेकेशन में टूरिस्ट सीजन पीक पर है। 25 दिसंबर के बाद से शहर के सभी होटल. रिसॉर्ट्स पूरी तरह से भरे हुए हैं। प्रमुख पर्यटन स्थलों पर घंटों की वेटिंग है। सिटी पैलेस, करणी माता रोप वे, सहेलियों की बाडी, सज्जनगढ़ और शिल्पग्राम समेत हर जगह पर्यटकों की भीड़ है। सभी टूरिस्ट पॉइंट के बाहर ट्रैफिक जाम के कारण पुराने शहर के हालात ज्यादा खराब हैं, पार्किंग की वजह से व्यव-स्था बेहाल है। 4 जनवरी तक उदयपुर में यही हाल रहेगा। उधर, शिल्पग्राम महोत्सव के कारण वहां भी हाउसफुल की स्थिति है। नए साल का जश्न मनाने के लिए देशभर से आए पर्यटक उदयपुर में हैं।







### परिवार सहित लोग उदयपुर घूमने आ रहे

टूरिस्ट इंडस्ट्री से जुड़े लोगों के अनुसारए इस सीजन में पिछले सालों की तुलना में पर्यटकों की संख्या अधिक रहने की उम्मीद है। होटल एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश अग्रवाल ने बताया कि स्कूलों में छुट्टियां शुरू होते ही परिवार सहित लोग उदयपुर घूमने आ रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि यह सिलसिला 4 जनवरी तक जारी रहेगा।

### बोटिंग के लिए करीब डेढ़ घंटे की वेटिंग

पिछोला झील में बोटिंग के लिए करीब डेढ़ घंटे की वेटिंग है। तब तक लोग वहीं टिकट लेकर इंतजार कर रहे है। करनी माता और नीमच माता रोप वे पर करीब 2 घंटे की वेटिंग है। वहीं सहेलियों की बाड़ी में एंट्री के लिए 30 मिनट लाइन में लगना पड़ रहा है। जबकि सज्जनगढ़ फोर्ट के लिए आधे घंटे तक लाइन में लगने के बाद एंट्री टिकट मिल पा रहा है।

### अभी से जाम की स्थिति बनने लगी

सड़कों पर अभी से जाम की स्थिति बनने लगी है। चेतक सर्किल, कुम्हारों का भट्टा, देहलीगेटए शास्त्री सर्किल, सूरजपोल, उदियापोल, गुलाबबाग, घंटाघर, चांदपोल और पिछोला झील रोड पर दिनभर वाहन रेंगते हुए नजर आ रहे हैं। सुबह और शाम ही नहींए दिन में भी कई जगह यातायात के दबाव का सामना करना पड़ रहा है। यातायात पुलिस और प्रशासन के सामने अगले एक पखवाड़े तक ट्रैफिक को मैनेज करना एक बड़ी चुनौती रहेगी।

### सज्जनगढ़ किले का समय एक से डेढ़ घंटे बढ़ा

सहेलियों की बाड़ी, सज्जनगढ़ बायो पार्क और सज्जनगढ़ किले का समय एक से डेढ़ घंटे तक बढ़ाया है। सुबह 9 बजे खुलने वाला सज्जनगढ़ बायो पार्क और सज्जनगढ़ किले में जाने के लिए एंट्री सुबह 8 बजे से हो रही है। यह व्यवस्था 25 दिसंबर से 5 जनवरी तक लागू रहेगी।

### उदयपुर में 900 से ज्यादा होटल्स-रिसॉर्ट

न्यू ईयर को लेकर भी स्वागत की तैयारियां भी लगभग पूरी हो चुकी है। होटल्स, होम स्टे और रिसॉर्ट में न्यू ईयर के लिए बुकिंग पूरी हो गई है। अब 4 जनवरी तक ज्यादातर प्रीमियम होटल्स में लगभग सभी रूम्स फुल है। होटल व्यवसायियों की मानें तो दिसंबर में गोवा के बाद उदयपुर ही सबसे ज्यादा पर्यटकों को आकर्षित करता है। उदयपुर में 900 से ज्यादा होटल्स-रिसॉर्ट हैं, जबकि 550 से ज्यादा होम स्टेए गेस्ट हाउस और विला हैं। वहीं सीजन के बीच ज्यादातर होटल्स में रेट्स डबल हैं तो नए साल साल के मौके पर 4 गुना महंगी हो गई हैं।

### कमरे का किराया 3 से 4 गुना बढ़ा

न्यू ईयर वीकेंड के लिए बड़े होटल्स और रिसॉर्ट में एक कमरे का किराया 3 से 4 गुना बढ़ा है। पिछले साल की तुलना में इस बार पैकेज और होटल रेट्स में 20 प्रतिशत से 25 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी हुई है। न्यू ईयर पर होटल्स और रिसॉर्ट में स्पेशल सेलिब्रेशन प्रोग्राम (डीजे पाटी, कल्चरल शो, थीम नाइट्स और लाइव म्यूजिक) आयोजित होंगे।

सामान्य दिनों में इन्हीं होटल्स में रूम का किराया 5 से 10 हजार रुपए तक रहता है, जो न्यू ईयर पर 25 से 40 हजार रुपए तक पहुंच गया है। जबकि 5 स्टार होटल्स में यह किराया 60 हजार से एक लाख रुपए तक पहुंचा है। प्रमुख रिसॉर्ट, हेरिटेज और लेक.साइड होटल्स 20 से 40 हजार रुपए तक रूम बुकिंग हुए है। 31 दिसंबर के ग्रैंड सेलिब्रेशन के लिए कई ग्रुप्सए कॉर्पोरेट और इंटरनेशनल गेस्ट ने 1 से 3 दिनों तक होटल बुक कराए हैं।

### पार्टी में सिंगर राजीव राजा और डीजे रूप आ रहे

इवेंट ऑर्गेनाइजर भरत सिंह राठौड ने बताया कि न्यू ईयर पर उदयपुर में 300 से ज्यादा इवेंट्स होंगे। इस बार उदयपुर में सबसे बड़ी डीजे पार्टी में सिंगर राजीव राजा और डीजे रूप आ रहे हैं। उदयपुर में पार्टी के लिए गुजरात से हजारों लोगों की बुकिंग्स हुई हैं।

---

## उदयपुर में नए साल का ग्रैंड सेलिब्रेशन, अर्बन स्क्वायर मॉल में म्यूज़िक और डांस का तड़का




उदयपुर। उदयपुर के पसंदीदा अर्बन स्क्वायर मॉल में क्रिसमस सेलिब्रेशन पूरे उत्साह और रौनक के साथ मनाया गया। मॉल में क्रिसमस वंडरलैंड वर्कशॉप्स, बच्चों की रचनात्मक गतिविधियां और सांता परेड आकर्षण का केंद्र रहीं, जिन्हें शहरवासियों से शानदार प्रतिक्रिया मिली। इसके बाद 27 और 28 दिसंबर को मॉल में आयोजित इंटरनेशनल कलाकारों की लाइव प्रस्तुतियों ने लोगों का खूब मनोरंजन किया। इन कार्यक्रमों के दौरान बड़ी संख्या में परिवार और युवा मॉल पहुंचे और उत्सव के माहौल का आनंद लिया। अब अर्बन स्क्वायर मॉल नए साल के स्वागत की तैयारियों में जुट गया है। 31 दिसंबर को मॉल में न्यू ईयर सेलिब्रेशन का आयोजन किया जाएगा, जिसमें म्यूज़िकल ईवनिंग, इंटरनेशनल जैम सेशन, डांस परफ ॉर्मेंस और फ ायर एक्ट जैसे खास कार्यक्रम होंगे। इसके साथ ही मॉल में चल रहे अर्बन स्क्वायर शॉपिंग फेस्टिवल के तहत कई नामी ब्रांड्स पर आकर्षक ऑफ र्स और छूट भी दी जा रही है, जिससे लोग जश्न के साथ-साथ शॉपिंग का भी भरपूर आनंद ले सकें। खानपान के शौकीनों के लिए फू ड ज़ोन में तरह-तरह के स्वादिष्ट व्यंजन उपलब्ध रहेंगे। भूमिका एंटरप्राइजेज की सीईओ नंदिनी तनेजा ने कहा कि अर्बन स्क्वायर मॉल में हर त्योहार को खास बनाने का प्रयास किया जाता है। क्रिसमस के बाद अब नए साल के मौके पर भी लोगों को एक सुरक्षितए जीवंत और यादगार अनुभव देने की पूरी तैयारी की गई है।


## बीमा संबंधी जागरूकता फैलाने की कोशिशों पर दिया ज़ोर

उदयपुर। भारत की प्रमुख निजी जीवन बीमा कंपनियों में से एक बजाज लाइफ इंश्योरेंस और सार्वजनिक क्षेत्र की अग्रणी सामान्य बीमा कंपनी यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने राजस्थान में बीमा कवरेज के विस्तार के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया है। स्टेट-लेवल इंश्योरेंस कमेटी की पांचवीं बैठक में यह बात कही गई। यह बैठक जयपुर स्थित शासन सचिवालय में राजस्थान सरकार की वित्त सचिव (व्यय) डॉ. टीना सोनी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी और बीमा उद्योग के प्रतिनिधि शामिल हुए, जहां राज्य में बीमा पहुंच बढ़ाने और प्रगति की समीक्षा पर चर्चा हुई। बजाज लाइफके एग्जीक्यूटिव प्रेसिडेंट - लीगल और चीफकंप्लायंस ऑफिसर, अनिल पीएम ने कहा- राजस्थान में हमारा निरंतर जुड़ाव यह दिखाता है।

# उदयपुर की झील में यूजिकल-फाउंटेन की धुन पर थिरकते टूरिस्ट

## देशभक्ति और राजस्थानी गानों से सजेगी शाम, 'हैपनिंग' टूरिस्ट स्पॉट बनाया

**उदयपुर।** झीलों की नगरी उदयपुर के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल फतह सागर झील के बीच स्थित नेहरू गार्डन में अब पर्यटकों को एक नया और रोमांचक अनुभव मिल रहा है। उदयपुर विकास प्राधिकरण की ओर से नेहरू गार्डन में स्थापित डायनामिक लेमिनार फाउंटेन बनकर तैयार हो गया है। फाउंटेन की रंग-बिरंगी रोशनी और संगीत की लहरों पर पर्यटक झूमने को मजबूर हैं। खास बात यह है कि यहां केवल फाउंटेन ही नहीं, बल्कि विभिन्न संस्कृतियों का संगम भी देखने को मिलेगा। इस म्यूजिकल फाउंटेन की सबसे खास बात इसका म्यूजिक सलेक्शन है। फाउंटेन के साथ 8 तरह के गाने बजाए जाएंगेए जिनमें देशभक्ति गीत जो दर्शकों में जोश भर देंगे वहीं राजस्थानी लोक संगीत मेवाड़ की माटी की खुशबू बिखेरेंगे। इसके अलावा अंग्रेजी और पंजाबी गाने युवाओं और विदेशी पर्यटकों को जोश से सरोबार करेंगे। फाउंटेन के साथ जय होएतेरी मिट्टी में मिल जावाएदमादम मस्त कलंडरए मिठो लागेए थारी शरारत सब जानू में चौधरी, द नाइट स्काई और पावर ऑफलव वाले गाने बजेंगे। यूडीए कमिश्नर राहुल जैन ने बताया कि नेहरू गार्डन की मौजूदा वाटर बॉडीज की क्षमता को ध्यान में रखते हुए इनकी विशेष डिजाइन तैयार की गई। इस प्रोजेक्ट में 639 लाख रुपये खर्च हुए। अगले 5 वर्षों के लिए इसका संचालन एवं रखरखाव इसी कंपनी का होगा। इस सिस्टम में अत्याधुनिक तकनीक का उपयोग किया गया है, जिसमें डिजिटल डायमंड जेट, डिजिटल वीडियो जेट, पिकॉक ग्रुप जेटए मिस्ट फाउंटेन एचेसिंग जेटए सेंटर जेटए बबलर जेट, फ्लावर जेट, जैली फिश फाउंटेन, टॉल जेट आर्चिंग जेट, इनवर्ड क्राउन इफेक्ट लगाए है। पूरे गार्डन में 6 जगह म्यूजिक फाउंटेन लगाए गए है जिससे पर्यटक पूरे गार्डन में कही भी हो वो इसका आनंद ले पाए। अभी शाम को सूर्यास्त के बाद रोजाना 15 मिनिट के दो शो चलाए जा रहे है। आगे इसे फाइनल में आधे घंटे का एक पूरा शो करने का प्लान है। यूडीए की अभियांत्रिकी विंग के डायरेक्टर संजीव शर्मा ने बताया कि इस परियोजना को पूर्ण करने समय अप्रैल 2026 में था लेकिन पर्यटन सीजन को ध्यान में रखते हुए प्राधिकरण के निरंतर फॉलो अप पर निर्माण एजेंसी ने काम में तेजी दिखाते हुए समय से लगभग 4 माह पहले ही पूरा कर लिया। अभी रोजाना पर्यटकों के लिए म्यूजिकल फाउंटेन शुरू कर दिए गए है। सर्दियों के इस टूरिस्ट सीजन के चलते नेहरू गार्डन में दिन और शामए दोनों समय पर्यटकों की भारी भीड़ उमड़ रही है। रंग.बिरंगी लाइटोंए आधुनिक फाउंटेन तकनीक और पसंदीदा गानों के मेल ने नेहरू गार्डन को उदयपुर का सबसे 'हैपनिंग' टूरिस्ट स्पॉट बना दिया है।



## पं. विश्वेश्वर शर्मा की स्मृति में गीतकार डॉ. विष्णु सक्सेना को दिया गीत सम्मान



**उदयपुर।** रोटरी क्लब मेवाड व गीतकार पंण् विश्वेश्वर शर्मा चेरिटेबल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को टाउनहॉल में एक विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें देश के ख्यातनाम गीतकार उत्तरप्रदेश अलीगढ़ के डॉ. विष्णु सक्सेना को इस वर्ष का गीत सम्मान पूर्व उप महापौर पारस सिंघवी, हिर्जिलि के पूर्व सीईओ अखिलेश जोशी, वंडर सीमेन्ट के राजेन्द्र बोरा, एसबीआई के रीजनल मेनेजर एम जी व्यास, रीको उदयपुर के महाप्रबन्धक अजय पण्ड्या, निक्सिथन ग्लोबल सर्विसेज के के हिमकर दुबे ने प्रदान किया। सम्मान स्वरूप डॉ. सक्सेना को एक लाख रूपयें की राशि प्रदान की गई। कवि सम्मेलन में डॉ. विष्णु सक्सेना ने गीत जो हाथ थाम लो वो फिर न छूटने पायेएप्यार की दौलतें कोई न लूटने पायेएजब भी छूलो बुलंदियां तो ध्यान ये रखनाएजमीं से पाँव का रिश्ता न टूटने पायें, कवियित्री दीपिका माही ने दीपिका माही तुम्हारी बात में जादू, नयन वाचाल लगते है, तुम्हारे बिन मुझे सुख.चैन सब जंजाल लगते हैं,मैं अपने प्रेम को आकार देने में झिझकती हूँ,जरा सी बात कहने में हजारों साल लगते हैं... पर तालियों की दाद पायी। कवि सुनील व्यास ने काश कोई ऐप ऐसा होता, जिसमें इंसानियत लॉगिन करती,जहाँ ईमोजी की जगह, हँसती मुस्कुराती जिंदगी अपलोड होती... पर खूब तालियां मिली। कवि मनोज गुर्जर ने फूंकते है जान अपनी, तो वतन आबाद है, हो गए बलिदान उनकीए इस ह्रदय में याद है, ओढ़कर तन पे तिरंगा, वीर हमको कह गएं, देश जिंदाबाद था, ये देश जिंदाबाद है. रचना प्रस्तुत कर ण्देशभक्ति की गंगा बहायी। राजेंद्र गोपाल व्यास ने मंच पर धरेजो काव्य के यह कलश, कितने जन्मों के तप के यह परिणाम है, कितने पुण्य के बदले में मिलते तुम्हें यह वह झरने, जो सृष्टि में अविराम है...कवि शैलेन्द्र शैलू ने फिल्मी पैरोडी सुना कर सबको खूब आनंदित किया।

# डूंगरपुर को अलगाववाद का टापू बनाना चाहते हैं राजकुमार रोत

## उदयपुर सांसद बोले, स्कूलों में दोपहर के भोजन को बंद करने का षड्यंत्र कर रहे

उदयपुर। उदयपुर सांसद डॉ. मन्नालाल रावत ने सोमवार को हुए घटनाक्रम को लेकर बांसवाड़ा-डूंगरपुर सांसद राजकुमार रोत पर जमकर हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि रोत डूंगरपुर को अलगाववाद का टापू बनाना चाहते हैं। वे स्कूलों में दोपहर का भोजन बंद करने का षडयंत्र कर रहे हैं। रावत ने कहा कि दिशा समिति की बैठक के दौरान बीएपी के सांसद राजकुमार रोत व विधायक आसपुर ने अशोभनीय टिप्पणियां कीए थप्पड मारने की कोशिश कीए जान से मारने की धमकी दी और राजनीतिक छिछोरापन करने की कोशिश की। बीएपी नेताओं को डूंगरपुर और आदिवासी विकास से कोई मतलब नहीं थाए बल्कि राज्य सरकार द्वारा करवाए जा रहे शिविरों और विकास कार्यों को लेकर हल्की बयानबाजी की। सांसद रावत ने कहा कि सांसद राजकुमार रोत ने आंगनबाड़ी बहनों के लिए कहा कि वे भ्रष्ट हैं और राशन सामान गुजरात ले जाकर बेच देते हैं। सांसद रोत ने यह बात कहा सभी आंगनबाड़ी बहनों का अपमान किया है। सांसद ने कहा कि डूंगरपुर के आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को लेकर रावत ने निंदाजनक टिप्पणी की। सांसद डॉण् रावत ने कहा कि दिशा बैठक के लिए केंद्र सरकार ने 101 बिन्दु तय कर रखें हैंए जिस पर चर्चा करके जनता के कल्याण व उनके हित के लिए जो कुछ हो सकता ह, उस पर निर्णय करें व अधिकारियों को निर्देश दें। लेकिन सांसद राजकुमार रोत केवल राजनीति और छिछोरी राजनीति पर उतर आए। जो एक आम आदमी के लिए भी असहनीय है।



**इस मुद्दे पर बवाल खड़ा किया रोत ने**

सांसद डॉ. रावत ने कहा कि बैठक में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जनसमस्याओं के निवारण के लिए शिविर लगा रखे हैं। गांवों की छोटी-छोटी समस्याएं इससे ग्रामीणों की हल हो रही हैए लेकिन सांसद राजकुमार रोत इन शिविरों को लेकर टिप्पणी करते रहे कि टेंट का पैसा का कहां से आ रहा है, खाने का पैसा कहां से आ रहा, ये हम लोगों का पैसा खर्च कर रहे हैं जबकि यह बैठक का एजेंडा ही नहीं था जो एक जनप्रतिनिधि के लिए अशोभनीय बात है।

# कोई भी संदिग्ध व्हाट्सऐप नंबर पर भरोसा न करें, सतर्क रहें : कृति खरबंदा

**मुंबई,** 29 दिसम्बर (एजेंसियां)। आज के समय में सोशल मीडिया और मैसेजिंग ऐप्स ने हमारे जीवन को बेहद आसान बना दिया है। दोस्तों, परिवार और सेलिब्रिटीज से जुड़ने के लिए लोग इन प्लेटफॉर्म्स का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन, इस डिजिटल दुनिया में साइबर धोखाधड़ी का खतरा भी हमेशा मौजूद रहता है। इस कड़ी में बॉलीवुड अभिनेत्री कृति खरबंदा ने इस खतरे के प्रति फैंस को सतर्क रहने की सलाह दी है।



उन्होंने इंस्टाग्राम स्टोरी के जरिए बताया कि उनके नाम का फर्जी व्हाट्सऐप अकाउंट बनाकर लोगों को गुमराह किया जा रहा है। कृति खरबंदा ने एक चैट का स्क्रीनशॉट साझा करते हुए अपने फैंस को चेतावनी देते हुए कहा कि कोई अज्ञात व्यक्ति उनके नाम का सहारा लेकर लोगों से संपर्क कर रहा है।

अभिनेत्री ने लिखा कि यह मेरा नंबर नहीं है। किसी और के नाम से संपर्क करना पहचान की चोरी है। किसी भी संदिग्ध व्हाट्सऐप नंबर पर भरोसा न करें। कृपया सतर्क रहें और सावधानी बरतें। अभिनेत्री की यह चेतावनी ऐसे समय में सामने आई है, जब सेलिब्रिटीज और तमाम हस्तियों के नाम पर ऑनलाइन ठगी और झूठी पहचान का मामला लगातार बढ़ता जा रहा है। अक्सर ऐसे फर्जी अकाउंट्स का मकसद लोगों को गुमराह करना, निजी जानकारी हासिल करना या पैसों की ठगी करना होता है।

कृति की पोस्ट पर फैंस ने तुरंत प्रतिक्रिया दी। कई यूजर्स ने सोशल मीडिया और मैसेजिंग प्लेटफॉर्म्स पर बढ़ते दुरुपयोग को लेकर चिंता जताई, तो कईयों ने ऑनलाइन ठगी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग भी की। कृति खरबंदा से पहले, अभिनेत्री अदिति राव हैदरी ने भी ऐसा ही मामला अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर साझा किया था।

# स्मार्टफोन बन रहा आपकी सेहत का दुश्मन

## ■ लंबी स्क्रीन टाइमिंग से स्पॉन्डिलाइटिस का खतरा ■ जोड़ों में दर्द और हड्डियों की कमजोरी की समस्या

**नई दिल्ली,** 29 दिसम्बर (एजेंसियां)। डिजिटल युग में मोबाइल हमारे जीवन का अहम हिस्सा बन गया है। रात को सोने से पहले और सुबह उठने के बाद ज्यादातर लोग मोबाइल के साथ समय बिताते हैं। सोशल मीडिया और इंटरनेट की दुनिया ने हमें जोड़ने का काम तो किया है, लेकिन इसने एक बड़ा साइड इफेक्ट हमारी सेहत पर भी डाला है। लंबे समय तक मोबाइल इस्तेमाल करने से न केवल हमारी आंखें थकती हैं, बल्कि शरीर के कई हिस्सों में गंभीर समस्याएं भी पैदा हो सकती हैं।

विज्ञान के अनुसार, मोबाइल फोन के अत्यधिक उपयोग से कमर दर्द, गर्दन और कंधों में तनाव, स्पॉन्डिलाइटिस और रीढ़ की हड्डी की समस्याएं बढ़ रही हैं। इसे 'टेक नेक' या 'स्मार्टफोन सिंड्रोम' भी कहा जाता है। जब हम लंबे समय तक फोन को झुककर देखते हैं, तो हमारी रीढ़ की हड्डी पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है, जिससे मांसपेशियों में खिंचाव, जोड़ों में दर्द और हड्डियों की कमजोरी तक हो सकती है।

स्पॉन्डिलाइटिस एक ऐसी समस्या है, जिसमें रीढ़ की हड्डी के जोड़ों में सूजन आ जाती है। मोबाइल फोन का लगातार झुककर इस्तेमाल करने से यह खतरा बढ़ता है। खासकर युवा और किशोर वर्ग में यह समस्या तेजी से फैल रही है। लोग लंबे समय तक मोबाइल पर गेम खेलते हैं, वीडियो देखते हैं या सोशल मीडिया पर एक्टिव रहते हैं। इस दौरान वे अपनी पीठ और कमर को सही मुद्रा में नहीं रखते, जिससे मांसपेशियों और हड्डियों पर लगातार दबाव पड़ता है। धीरे-धीरे यह स्थिति कमर और गर्दन के गंभीर दर्द में बदल सकती है। मोबाइल फोन के लगातार उपयोग से केवल कमर या गर्दन ही नहीं, बल्कि हमारी आंखें भी प्रभावित होती हैं। मोबाइल स्क्रीन की नीली रोशनी आंखों की रेटिना और रोशनी पर असर डाल सकती है। लंबे समय तक स्क्रीन देखने से आंखों में जलन, सूखापन, धुंधला दिखना और सिरदर्द जैसी समस्याएं हो सकती हैं।



मोबाइल का अत्यधिक उपयोग केवल शारीरिक स्वास्थ्य को ही नहीं प्रभावित करता, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य पर भी असर डालता है। लगातार नोटिफिकेशन, सोशल मीडिया की तुलना और ऑनलाइन प्रतियोगिताओं में भाग लेने की आदत तनाव, चिंता और नींद की कमी का कारण बन सकती है। नींद की कमी से शरीर की ऊर्जा और मांसपेशियों की रिकवरी प्रभावित होती है, जिससे मानसिक रूप से भी थकान महसूस होती है।

**विशेषज्ञों की सलाह :** मोबाइल का उपयोग सीमित समय के लिए करें और स्क्रीन को आंखों की ऊंचाई पर रखें। लंबे समय तक फोन का इस्तेमाल करते समय बीच-बीच में ब्रेक लें और स्ट्रेचिंग करें। सही मुद्रा में बैठना बहुत जरूरी है, पीठ सीधी और कंधे आराम से रखने चाहिए। इसके अलावा, नीली रोशनी को कम करने वाले ऐप्स या स्क्रीन फिल्टर्स का इस्तेमाल करना आंखों को सुरक्षित रखने में मदद करता है।

# लोकप्रिय इंटरनेशनल मेडिकल ड्रामा-डीओसी दिखाने को तैयार सोनी सब

मुंबई 29 दिसम्बर (एजेंसियां)। भारत का अग्रणी हिंदी जनरल एंटरटेनमेंट चैनल, सोनी सब, 'हुई गुम यादें - एक डॉक्टर, दो ज़िंदगियां' पेश करने के लिए तैयार है, जो विश्व स्तर पर प्रसिद्ध इतालवी मेडिकल ड्रामा डीओसी- नेल्ले तुई मनी का आधिकारिक भारतीय रूपांतरण है। करुणा, जुझारूपन और मानवीय भावना की विजय में निहित अपनी सशक्त कहानी कहने के लिए प्रसिद्ध, डीओसी को पाँच से अधिक देशों में रूपांतरित किया गया है और इसने दुनिया भर में प्रशंसा अर्जित की है। 'हुई गुम यादें: एक डॉक्टर, दो ज़िंदगियां' के साथ, सोनी सब इस प्रभावशाली कहानी को भारतीय दर्शकों तक पहुँचाने के लिए तैयार है। ओरिजिनल सीरीज के भावनात्मक सार के प्रति सच्चे रहते हुए भारतीय रूपांतरण एक प्रतिभाशाली डॉक्टर की दिलचस्प यात्रा को दिखाएगा जिसकी दुनिया एक दर्दनाक घटना के बाद उलट जाती है। इससे उसकी वर्षों की याददाश्त मिट जाती है। जैसे ही वह अपनी पहचान, रिश्तों और कॅरियर को फिर से विकसित करने का प्रयास करता है, यह शो चिकित्सा के प्रति उसके नए दृष्टिकोण की पड़ताल करता है—एक जो सहानुभूति, वल्नरेबिलिटी और ह्यूमन कनेक्शन से परिभाषित होता है। पारंपरिक महिला-केंद्रित आख्यानों से हटकर यह रूपांतरण एक सम्मोहक पुरुष नायक को केंद्र में रखता है, जो भारतीय टेलीविजन को एक नया और अलग दृष्टिकोण प्रदान करता है।

# आलस्य की समस्याओं से राहत देगा धनुरासन

**नई दिल्ली,** 29 दिसम्बर (एजेंसियां)। सर्दियों के आते ही शरीर में सुस्ती छा जाती है और तले-भुने भोजन की वजह से पेट संबंधी परेशानियां शुरू हो जाती हैं। ऐसे में योग अभ्यास आपको ऊर्जावान और तंदुरुस्त बनाने में अहम भूमिका निभाते हैं। इसी कड़ी में धनुरासन एक ऐसा योगासन है, जो शरीर को ऊर्जावान बनाने के साथ फिट भी रखता है।

'धनुरासन' एक संस्कृत शब्द है, 'धनुर' का अर्थ 'धनुष' और 'आसन' का अर्थ 'मुद्रा' है। इस आसन को करने के दौरान शरीर धनुष की तरह झुकता है। यह आसन शरीर की मांसपेशियों को मजबूत करने, लचीलापन बढ़ाने और कई तरह की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को ठीक करने में मदद करता है।

धनुरासन एक प्रभावी योगासन है, जिससे पेट और पीठ की मांसपेशियों में खिंचाव आता है। साथ ही, यह पाचन तंत्र को मजबूत बनाता है, कब्ज और अपच दूर करता है, रक्त संचार बढ़ाता है, वजन घटाने में मदद करता है, और मानसिक शांति प्रदान करता है, जिसके लिए पेट के बल लेटकर घुटनों को मोड़कर टखनों को हाथों से पकड़ते हुए छाती और जांघों को ऊपर उठाया जाता है।



इसके अलावा, यह फेफड़ों की क्षमता को बढ़ाता है। इसके नियमित अभ्यास से कमर दर्द, मधुमेह नियंत्रण और यहां तक कि हृदय स्वास्थ्य में सुधार देखा गया है। महिलाओं के लिए यह मासिक धर्म की अनियमितता दूर करने में भी उपयोगी है।

इसको विधिवत करने के लिए सबसे पहले योगा मैट पर पेट के बल लेट जाएं, पैरों को एक साथ और हाथों को शरीर के बगल में रखें। अब सांस छोड़ते हुए घुटनों को मोड़ें और एड़ियों को हाथों से पकड़ें। सांस लेते हुए जांघों, सिर और छाती को पेट के निचले हिस्से पर केंद्रित करते हुए जितना संभव हो ऊपर उठाएं। इस स्थिति को 10-20 सेकंड तक बनाए रखना चाहिए। इसके बाद सांस छोड़ते हुए धीरे-धीरे प्रारंभिक स्थिति में वापस आ जाना चाहिए। इसके नियमित अभ्यास से शरीर को कई तरह के लाभ मिल सकते हैं, लेकिन किसी गंभीर स्वास्थ्य समस्या पर इसे करने से परहेज करें।

# दिव्यांग बच्चों को मिले समावेशी शिक्षा, सहायक अध्यापक हुए प्रशिक्षित

**ग्रेटर नोएडा,** सर्वोच्च न्यायालय के आदेश पर समावेशी शिक्षा के अंतर्गत पांच दिवसीय सहायक अध्यापक एवं अध्यापिकाओं को प्रशिक्षण दिया गया। खंड शिक्षा अधिकारी मोहम्मद राशिद के निर्देशानुसार कंपोजिट विद्यालय लुक्सर विकास क्षेत्र दनकौर में दिव्यांग बच्चों हेतु टीचिंग टेक्निक, कक्षा प्रबंधन, होम बेस्ड एजुकेशन, टीचिंग लर्निंग मटेरियल का प्रयोग करना आदि का विस्तार पूर्वक से जानकारी दी गई।



इस प्रशिक्षण के संदर्भ दाता अनिल कुमार, वर्तिका शुक्ला, राकेश भारतीय, एवं संदीप मौर्य आदि स्पेशल एजुकेटर रहें तथा डायट मेंटर सुमिता सचान भी रहीं, जिसमें कुल 50 टीचर ने प्रतिभाग किया। प्रशिक्षण में प्रतिभागी सन्तोष नागर, सतीश पीलवान, अजीत नागर, ज्योतिर्मय पाण्डेय, मनोज तेवतिया, निर्मला त्यागी, रेखा शर्मा, कपिल भाटी, आनन्द, सतीश नागर, अर्चना सक्सेना, पारुल उपाध्याय, अंशु श्रीवास्तव, प्रतिभा अवस्थी, चित्रा भाटी, पुष्पावती, पूनम रानी, रेखा तंवर, अनीता सिंह, ज्योति दुबे, चारुल शर्मा, कविता, विष्णु प्रिया, अंजू ठाकुर, मीनू चौधरी, स्मृति गुप्ता आदि सभी शिक्षक रहें।

# एक ही लेज़र सेशन ने युवक को सोरायसिस की समस्या से दिलाई बड़ी राहत

**नोएडा** 29 दिसम्बर (एजेंसियां)। (सोरायसिस से जूझ रहे प्लाक और क्रोनिक सूजन वाले मरीजों के लिए अब एक नया और प्रभावी नॉन-फार्मास्युटिकल उपचार सामने आया है। हाल ही में सामने आए एक क्लीनिकल केस में एडवांस्ड 1064 nm Nd:YAG लेज़र प्लेटफॉर्म एयरोलेस के 'नियो एलीट' ने सिर्फ़ एक ही सेशन में मरीज की त्वचा में उल्लेखनीय सुधार दिखाया। यह परिणाम सोरायसिस के उपचार क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण और नवोन्मेषी बदलाव की ओर इशारा करता है। यह केस स्किन इंटरनेशनल एस्थेटिक लेज़र क्लीनिक की फाउंडर और मेडिकल डायरेक्टर डॉ. रश्मि अग्रवाल के नेतृत्व में सामने आया। डॉ अग्रवाल के पास नोएडा का एक सोरायसिस से पीड़ित युवक इलाज के लिए आया। जो टॉपिकल दवाओं का उपयोग नियमित रूप से नहीं कर पा रहा था, लेकिन मॉइस्चराइज़ेशन को लगातार बनाए रखता था। बीमारी की पुरानी प्रकृति और उपचार के लिहाज़ से चुनौतीपूर्ण क्षेत्रों के प्रभावित होने के बावजूद, नियो एलीट के केवल एक ही सेशन के बाद जो परिणाम सामने आए, उन्हें 'अत्यंत चौंकाने वाला' बताया गया। दुनियाभर में सोरायसिस से 12.5 करोड़ से अधिक लोग प्रभावित हैं, जबकि भारत में अनुमानित रूप से 2-3 प्रतिशत आबादी—करीब 3 करोड़ लोग—इस क्रोनिक बीमारी के साथ जीवन जी रहे हैं। अक्सर इसे केवल एक कॉस्मेटिक समस्या मानकर नज़रअंदाज़ कर दिया जाता है, जबकि हकीकत में सोरायसिस व्यक्ति के मानसिक स्वास्थ्य, आत्मविश्वास और जीवन की गुणवत्ता पर गहरा असर डालता है। डॉ रश्मि अग्रवाल ने कहा, 'इस केस का परिणाम वाकई में हैरान करने वाला था। एयरोलेस नियो एलीट ने सोरायसिस इलाज़ के बारे में मेरे सोचने का तरीका पूरी तरह से बदल दिया है।



# बलवर्धक व ओज बढ़ाने वाला अनाज है गेहूं

**नई दिल्ली,** 29 दिसम्बर (एजेंसियां)। गेहूं हमारे देश का मुख्य अनाज है, जो लगभग हर घर में खाया जाता है। पंजाब, उत्तरप्रदेश, राजस्थान, और मध्य प्रदेश गेहूं के मुख्य उत्पादक राज्य हैं, जहां सबसे ज्यादा अलग-अलग किस्म के गेहूं का उत्पादन किया जाता है। छोटा सा दिखने वाला गेहूं फाइबर और पोषक तत्वों से भरपूर होता है और शरीर को ऊर्जा देने के साथ-साथ पाचन को सरल बनाता है।

गेहू को आयुर्वेद में अमृत की उपाधि दी गई है, जो तन और मन दोनों के लिए लाभकारी माना गया है। आयुर्वेद में गेहूं को बलवर्धक और ओज बढ़ाने वाला अनाज माना गया है। इसके सेवन से मांसपेशियां मजबूत होती हैं, लंबे समय तक भूख नहीं लगती है, और शरीर ऊर्जा से भरा महसूस करता है। उत्तर भारत के ज्यादातर घरों में तीनों समय गेहूं से बनी रोटियों का सेवन किया जाता है, लेकिन ये गलत है।

नाश्ते से लेकर लंच तक गेहूं से बनी रोटियां खाना पेट से जुड़ी परेशानियों को बढ़ाता है। गेहूं से बनी रोटियों को दोपहर के वक्त खाना चाहिए, क्योंकि उस वक्त पाचन शक्ति तेज होती है और भारी भोजन पचाने में मदद मिलती है। रात के समय गेहूं से बनी रोटियां खाने से परहेज करें, क्योंकि शाम के समय पाचन शक्ति की गति कम हो जाती है, जिससे भारी खाना पचाने में परेशानी होती है। शाम के समय हल्का भोजन लें और गेहूं से बनी रोटियों से परहेज करें।



## ■ गेहूं फाइबर और पोषक तत्वों से भरपूर

## ■ आटे से रोटियां बनाते वक्त चोकर न निकालें

अब ये जानना भी जरूरी है कि गेहूं का आटा कैसा होना चाहिए। आटा ज्यादा पुराना नहीं होना चाहिए। जब जरूरत लगे, तभी चक्की पर आटा पिसवाना चाहिए क्योंकि पुराने आटे में पोषक तत्व कम हो जाते हैं।

दूसरा, गेहूं के आटे से रोटियां बनाते वक्त चोकर ना निकालें। चोकर में सबसे ज्यादा फाइबर होता है, जो गेहूं को पचाने में सहायक है। ज्यादातर लोग रोटियों को मुलायम बनाने के लिए चोकर निकाल देते हैं, जो गलत है। तीसरा, गेहूं से बनी रोटियों को हमेशा घी या मक्खन के साथ खाए। ये गेहूं के पोषक तत्वों को बढ़ा देता है और पाचन में भी आसानी होती है।

चौथा, गेहूं की रोटियों के अलावा, दलिए का इस्तेमाल भी कर सकते हैं। गेहूं के दलिए को मूंग की दाल बनाकर मिलाएं। ये फाइबर से लेकर प्रोटीन का अच्छा स्त्रोत है।


# मनोरंजन के साथ सामाजिक संदेश देती हैं कार्तिक आर्यन की फिल्में

## समाज में बदलाव की पेश करती हैं झलक

**मुंबई,** 29 दिसम्बर (एजेंसियां)। बॉलीवुड में अक्सर फिल्मों को सिर्फ मनोरंजन के रूप में देखा जाता है, लेकिन कुछ कलाकार ऐसे भी हैं जो अपनी फिल्मों के जरिए दर्शकों को सोचने पर मजबूर करते हैं। कार्तिक आर्यन भी उन्हीं अभिनेताओं में से एक हैं, जिन्होंने अपनी फिल्मों के जरिए रोमांस और कॉमेडी ही नहीं दी, बल्कि समाज में चल रहे बदलाव, रिश्तों की ताकत और आधुनिक मूल्यों को भी पर्दे पर उतारा। उनकी कई फिल्में दर्शकों के दिल और दिमाग पर सवाल भी छोड़ती हैं।

**तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी** - हाल ही में कार्तिक की रिलीज फिल्म तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी इसका बेहतरीन उदाहरण है। यह एक रोमांटिक ड्रामा है, जो पारंपरिक शादी और परिवार से जुड़े रूढ़िवादी विचारों को चुनौती देती है। फिल्म में उठाया गया सवाल बेहद सरल है, लेकिन असरदार है- 'शादी के बाद हमेशा लड़की से ही घर छोड़ने की उम्मीद क्यों की जाती है? कार्तिक का किरदार अपनी जिम्मेदारी बराबरी के साथ निभाने के लिए खुद घर छोड़ने का फैसला करता है। यह एक साहसिक और आधुनिक नजरिया दर्शाता है, जिसे समीक्षक और दर्शक दोनों ने सराहा।

**भूल भुलैया 3** - हॉरर-कॉमेडी फिल्म भूल भुलैया 3 की कहानी लैंगिक पहचान को लेकर सामाजिक अस्वीकृति की ओर दर्शकों का ध्यान आकर्षित करती है। कहानी में कार्तिक ने राजकुमार देबेंद्रनाथ की भूमिका निभाई थी, जिसे स्त्री वेश धारण कर नृत्य करना अच्छा लगता था। जब उनकी इस असलियत का पता सबको चलता है, तो वे उनकी इस पहचान को नकारते हैं और मानसिक और भावनात्मक पीड़ा देते हैं।



## चैटजीपीटी को लेकर वैज्ञानिकों का अध्ययन

# चैटबॉट्स से कम हो रहा मेंटल हेल्थ स्टिग्मा

**नई दिल्ली,** 29 दिसम्बर (एजेंसियां)। एक स्टडी के मुताबिक, चैटजीपीटी जैसे एआई चैटबॉट्स मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े कलंक (स्टिग्मा) को कम करने में कुछ हद तक मदद कर सकते हैं, लेकिन वे पेशेवर चिकित्सा की जगह नहीं ले सकते। शोध से पता चलता है कि एआई चैटबॉट्स उन लोगों के लिए उपयोगी हो सकते हैं जो पारंपरिक फेस-टू-फेस मदद लेने में हिचकिचाते हैं, क्योंकि ये गोपनीय और आसानी से उपलब्ध बातचीत प्रदान करते हैं।



ऑस्ट्रेलिया में एडिथ कोवन यूनिवर्सिटी (ईसीयू) की टीम ने 73 लोगों का सर्वे किया। ये वो लोग थे जिन्होंने अपनी किसी दुविधा के लिए चैटजीपीटी का इस्तेमाल किया था। टीम ने चैटजीपीटी के इस्तेमाल और स्टिग्मा से जुड़े इसके असर की जांच की। ईसीयू में मास्टर ऑफ क्लिनिकल साइकोलॉजी के छात्र स्कॉट हन्ना ने कहा कि नतीजों से पता चलता है कि यह टूल असरदार है और बाहरी जजमेंट के बारे में चिंताओं को कम करने में अहम भूमिका निभाता है। मेंटल हेल्थ हेल्प लेने में स्टिग्मा (यहां बदनामी का डर) एक बड़ी रुकावट है। यह लक्षणों को और खराब कर सकता है और लोगों को सपोर्ट लेने से रोक सकता है।

स्टडी में पूर्वाग्रह से होने वाले स्टिग्मा, जज किए जाने या भेदभाव किए जाने का डर और नेगेटिव सोच को मन में बिठाने से होने वाले स्टिग्मा पर फोकस किया गया। ये ऐसे स्टिग्मा हैं जिनसे आत्मविश्वास और मदद मांगने की इच्छा कम हो जाती है।

**फेस-टू-फेस मदद लेने में हिचकिचाने वाले लोगों के उपयोगी**

जिन लोगों को लगा कि चैटजीपीटी असरदार है, उनके इसका इस्तेमाल करने की संभावना ज्यादा थी और उन्हें लोगों द्वारा जज किए जाने का खौफ कम था। जैसे-जैसे एआई टूल ज्यादा आम होते जा रहे हैं, लोग अपनी मेंटल हेल्थ की चर्चा के लिए इसका ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल कर रहे हैं। इसकी एक वजह निजता का बना रहना कही जा सकती है। उन्होंने आगे कहा कि नतीजों से पता चलता है कि इन मकसदों के लिए डिजाइन न किए जाने के बावजूद, चैटजीपीटी जैसे एआई टूल्स का इस्तेमाल मेंटल हेल्थ के लिए ज्यादा हो रहा है।

टीम ने कहा कि एआई से खुलना आसान हो सकता है, लेकिन सावधान रहना चाहिए, क्योंकि गुमनाम डिजिटल टूल्स में जरूरी नैतिकता का अभाव होता है। हन्ना ने कहा कि चैटजीपीटी को इलाज के मकसदों के लिए डिजाइन नहीं किया गया था, और हाल की रिसर्च से पता चला है कि इसके जवाब कभी-कभी गलत भी हो सकते हैं। इसलिए, हम यूजर्स को एआई-बेस्ड मेंटल हेल्थ टूल्स को जिम्मेदारी से प्रयोग करने की सलाह देते हैं। टीम ने मेंटल हेल्थ सर्विसेज के क्षेत्र में एआई की उपयोगिता को लेकर और रिसर्च करने पर जोर दिया है।

# ग्रामीण महिलाओं को रोजगार के लिए प्रशिक्षण के बाद दिया गया प्रमाण-पत्र

**ग्रेटर नोएडा,** केनरा बैंक द्वारा संचालित ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) ने स्वरोजगार हेतु निःशुल्क 'महिला टेलर' का 31 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संस्थान में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा प्रायोजित स्वयं सहायता समूह की महिलाओं सहित कुल 26 महिलाओं को प्रशिक्षण और प्रमाणपत्र दिया गया।

महिला टेलर का प्रशिक्षण और उनका प्रैक्टिकल डोमेन स्किल ट्रेनर सविता शर्मा द्वारा दिया गया। इसके अतिरिक्त सॉफ्ट स्किल (उद्यमिता कौशल, बाजार एवं ग्राहक प्रबंधन, रचनात्मकता, समस्या समाधान, प्रोजेक्ट बनाना, मार्केटिंग, बैंकिंग योजनाओं) की जानकारी निदेशक अनिल कुमार, फैकल्टी अजीत सिंह व अंकिता नागर ने सभी को प्रदान किया। प्रशिक्षण समापन और प्रमाण पत्र वितरण समारोह में नेहा सिंह, खण्ड विकास अधिकारी, दादरी शामिल हुई। आरसेटी निदेशक अनिल कुमार ने सभी का स्वागत किया व कार्यक्रम की रूपरेखा से अवगत कराया। संस्थान के निदेशक अनिल कुमार ने सभी को धन्यवाद देते हुए कार्यक्रम का समापन किया। इस अवसर पर कविता, पूनम, संगीता, सपना, नताशा, जया, वंदना, कीर्ति, अनुराधा, मोनिका, स्वतंत्र कुमार, ऋतिक आदि उपस्थित रहे।



स्वत्वाधिकार प्रकाशक, संपादक संजय कुमार चौबीसा द्वारा 20ए न्यू विद्यानगर हिरण मगरी सेक्टर 4 उदयपुर 313002 (राज.) से प्रकाशित एवं मुद्रक विजय अरोड़ा द्वारा मैसर्स न्यूट्रेक ऑफसेट एवं प्रिंटर्स 13, भोपा मगरी, हिरण मगरी सेक्टर-3 उदयपुर से मुद्रित। फोन : 9024464356 Mail- Palpalrajasthan8@gmail.com